हरियाणा राज्य प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड

वार्षिक रिपोर्ट

2015-2016

सी–11, सैक्टर–6, पंचकूला

वैबसाइट : डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू.एचएसपीसीबी.जीओवी.इन ई–मेल : एचएसपीसीबी.एचओ @जीमेल.कॉम

हरियाणा राज्य प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड एक सुरक्षित, स्वच्छ तथा हरित कल के लिए पर्यावरण के बचाव संरक्षण तथा गुणवत्ता के सुधार लाने के लिए अपने कर्मचारियों की वचनबद्धताओं, समन्वयों तथा योगदानों तथा सभी सहृदयतापूर्ण प्रयासों की प्रशंसा करता है ।

विषय सूची

अध्याय	शीषक	पृष्ठ संख्या
1.	प्रस्तावना	1-2
2.	हरियाणा राज्य प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड के बारे में	3-5
3.	हरियाणा राज्य प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड की अमला संख्या	6-7
4.	बोर्ड के कार्यकलाप तथा अवसंरचना	8-11
5.	प्रदूषण, को कम करने के लिए कार्य योजनाएं / परियोजनाएं	12-14
6.	दोषी इकाईयों के विरुद्ध कार्रवाई	15-19
7.	सकल प्रदूषण और अत्याधिक प्रदूषण कारी 17 श्रेणी के उद्योग	20-22
8.	जागरुकता कार्यक्रम	23
9.	स्थापित और स"ोधित/अपग्रेड किए गए अप"िष्ट उपचार संयत्रो और वायु प्रदूषण नियन्त्रण उपकरणों का विस्तार ।	24-28
10.	जल (प्रदूषण निवारण तथा नियन्त्रण) अधिनियम, 1977 के अधीन उपकर संग्रहण	29
11.	सतत् परिवे"ाी वायु गुणवत्ता मानीटरिंग	30-34
12.	जल (प्रदूषण निवारण तथा नियन्त्रण) अधिनियम, 1974 तथा वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियन्त्रण) अधिनियम, 1981 के अधीन सहमति	35-38
13.	खतरनाक अप"िष्ट (प्रबन्धन, निपटान तथा ट्रांसबाउण्डरी संचलन) नियम, 2008	39-43
14.	ई कचरा (प्रबन्धन तथा निपटान) नियम, 2011	44-47
15.	जैब चिकित्सा अप"िष्ट (प्रबन्धन तथा निपटान) नियम, 2011	48-50
16.	बैटरी (प्रबन्धन तथा निपटान) नियम, 2001	51
17.	प्लास्टिक अप"िष्ट (प्रबन्धन तथा निपटान) नियम, 2011	52-53
18.	प्र"िक्षण कार्यक्रम	54-57
19.	जन ि"ाकायतों का निवारण	58
20.	पर्यावरणोय प्रभाव मूल्यांकन अधिसूचना, 14.09.2006 के तहत जन सुनवाई	59
21.	सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005	60-61
22.	बजट रिपोर्ट	62

अध्याय – I

प्रस्तावना

हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एक वैधानिक प्राधिकरण है जिसे हरियाणा राज्य की अधिकारिता के भीतर पर्यावरणीय कानूनों तथा नियमों को लागू करने का कर्तव्य सौंपा गया है। बोर्ड राज्य के भीतर पर्यावरणीय संरक्षण से संबंधित विधानों, न्यायिक तथा वैधानिक घोषणाओं का उचित लागूकरण सुनिश्चित करता है। हरियाणा राज्य प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड प्रारम्भिक रुप से जल प्रदूषण को रोकने तथा नियन्त्रण करने तथा जल की गुणवत्ता को बनाए रखने या पुनरुद्धार करने के लिए जल (प्रदूषण निवारण तथा नियन्त्रण) अधिनियम, 1974 के अधीन अधिसूचना संख्या 86/(4)(iv)/74/33298, दिनांक 19.09.1974 द्वारा गठित किया गया था। राज्य प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड को राज्य प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड के संसाधनों के संवर्धन की दृष्टि से जल (प्रदूषण निवारण तथा नियन्त्रण) उपकर अधिनियम, 1977 के लागूकरण की अतिरिक्त जिम्मेवारी भी सौंपी गई है। राज्य प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड को वायु के गुण के संरक्षण तथा वायु प्रदूषण के नियन्त्रण के लिए उपयुक्त कदम उठाने के लिए वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियन्त्रण) अधिनियम, 1981 के अधीन अतिरिक्त जिम्मेवारियां दी गई हैं। बोर्ड को बाद में पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 तथा उसके अधीन जारी किए गए नियमों तथा अधिसूचनाओं के लागूकरण की जिम्मेवारी दी गई थी।

बोर्ड द्वारा लागू किए जा रहे विभिन्न पर्यावरणीय अधिनियम तथा नियम नीचे दिए गए हैं :–

1. जल (प्रदूषण निवारण तथा नियन्त्रण) अधिनियम, 1974 तथा उसके अधीन बनाए गए नियम।
2. जल (प्रदूषण निवारण तथा नियन्त्रण) उपकर अधिनियम, 1977 तथा उसके अधीन बनाए गए नियम।
3. वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियन्त्रण) अधिनियम, 1981 तथा उसके अधीन बनाए गए नियम।
4. सार्वजनिक दायित्व बीमा अधिनियम, 1991 तथा उसके अधीन बनाए गए नियम।
5. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 तथा उसके अधीन बनाए गए निम्नलिखित नियम तथा जारी की गई अधिसूचनाएं :–

(i) खतरनाक अपशिष्ट (प्रबन्धन, निपटान तथा ट्रांसबाउन्डरी संचलन) नियम, 2011

(ii) खतरनाक रसायन विनिर्माण, भण्डारण तथा आयात नियम, 1989

(iii) बायोमैडिकल अपशिष्ट (प्रबन्धन तथा निपटान) नियम, 2011

(iv) प्लास्टिक अपशिष्ट (प्रबन्धन तथा निपटान) नियम, 2011

(v) नगरपालिका ठोस कचरा (प्रबन्धन तथा निपटान) नियम, 2000

(vi) ई–कचरा (प्रबन्धन तथा निपटान) नियम, 2011

(vii) शोर प्रदूषण (विनियमन तथा नियन्त्रण) नियम, 2000

(viii) बैटरी (प्रबन्धन तथा निपटान) नियम, 2001

(ix) पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन अधिसूचना, 2006

(x) कोयला या प्रज्वलित आधारित थर्मल पावर प्लांट से उत्पन्न राख के उपयोग के लिए निर्देशों के बारे में पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के अधीन पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिनांक 14.09.1999 की अधिसूचना।

(xi) अरावली रेंज के विनिर्दिष्ट क्षेत्र में कतिपय गतिविधियों को प्रतिबन्धित करने के लिए पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के अधीन पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिनांक 07.05.1992 की अधिसूचना।

अध्याय – 2

हरियाणा राज्य प्रदूशण नियन्त्रण बोर्ड के बारे में

1.2 बोर्ड की रचना

जल (प्रदूषण निवारण तथा नियन्त्रण) अधिनियम, 1974 की धारा–4 तथा वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियन्त्रण) अधिनियम, 1981 की धारा 5 संबंधित राज्यों में राज्य प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड के गठन के लिए राज्य सरकार को शक्ति मुहैया करती है। अधिनियम के कथित उपबन्धों के अनुसार, बोर्ड में राज्य सरकार द्वारा नामांकित अध्यक्ष, सदस्य–सचिव तथा पन्द्रह अन्य सदस्य शामिल हैं। बोर्ड के सदस्यों में सरकार, स्थानीय प्राधिकरणों तथा राज्य नियन्त्रित निगमों के प्रतिनिधि तथा कृषि, मत्स्य, उद्योग या व्यापार के हित का प्रतिनिधित्व करने वाले कुछ व्यक्ति भी शामिल हैं।

1.2.1. वर्श 2015–16 के दौरान बोर्ड का अध्यक्ष :

क्रम संख्या	नाम	अवधि
1	श्री अनुराग रस्तोगी, आई ए एस	20.02.2015 से आगे

1.2.2. सरकारी सदस्य

1. निदेशक, पर्यावरण विभाग, हरियाणा, एस सी ओ नं0 1,2,3, सैक्टर –17 डी, दूसरी मंजिल, चण्डीगढ़ — सदस्य
2. निदेशक, शहरी स्थानीय निकाय, एस सी ओ नं0 6–7, सैक्टर –17 बी, चण्डीगढ़ — सदस्य
3. प्रधान मुख्य वन संरक्षक, हरियाणा, पंचकुला — सदस्य
4. परिवहन आयुक्त, हरियाणा, 30–बेज बिल्डिंग, चण्डीगढ़ — सदस्य

5. मुख्य अभियन्ता, सदस्य
   जन स्वास्थ्य इंजीनियरिंग विभाग,
   हरियाणा, पंचकुला
6. सदस्य सचिव, सदस्य सचिव
   हरियाणा राज्य प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड,
   सी–11, सैक्टर –6, पंचकुला

1.2.3 स्थानीय प्राधिकरणों से सदस्य

1. कुमारी वीना देशवाल, अध्यक्ष, जिला परिषद सदस्य
   जीन्द, मकान नं0 2642, शहरी सम्पदा, जीन्द
2. श्री अशोक अरोड़ा, सदस्य
   मेयर, एम सी, फरीदाबाद
3. श्री जितेन्द्र भारद्वाज सपुत्र श्री सुभाष चन्द, सदस्य
   एम–39, ओल्ड डी एल एफ, निकट सैक्टर –14,
   गुड़गांव
4. श्री सुरिन्द्र लाल प्रजापत, सदस्य
   उपाध्यक्ष, एम सी धारुहेड़ा, फरीदाबाद
   मकान नं0 1016, सैक्टर –15, फरीदाबाद

1.2.4 कृशि, मत्स्य, उद्योग तथा व्यापार आदि से सदस्य

1. श्री तरुण यादव, सदस्य
   गांव व डाकखाना पालावास बोहराण,
   तहसील कोसली, रेवाड़ी
2. अरविन्द कपूर, एम डी, सदस्य
   रिचो आटो उद्योग, 33 के एम स्टोन,
   दिल्ली–जयपुर राजमार्ग, गुड़गांव
3. श्री सुनिल राय, मकान नं0 444, सैक्टर–3, सदस्य
   शहरी सम्पदा, रेवाड़ी

1.2.5 निगमों तथा कम्पनियों से सदस्य

1. प्रबन्धक निदेशक, सदस्य
   हरियाणा विद्युत उत्पादन निगम
2. प्रबन्धक निदेशक, सदस्य
   हरियाणा राज्य औद्योगिक तथा अवसंरचना
   विकास निगम, पंचकुला

अध्याय – 3

हरियाणा राज्य प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड की अमला संख्या

कम संख्या	पद का नाम	स्वीकृत संख्या	भरे हुए	रिक्त
श्रेणी –I				
1.	अध्यक्ष	01	01	–
2.	सदस्य–सचिव	01	01	–
3.	पर्यावरणीय इंजीनियर	16	13	03
4.	विज्ञानी "ग"	06	05	01
5.	जिला न्यायवादी	01	01	–
श्रेणी –II				
1.	वरिष्ठ लेखा अधिकारी	01	01	–
2.	सहायक जिला न्यायवादी	03	02	01
3.	विज्ञानी "ख"	11	09	02
4.	सहायक पर्यावरणीय इंजीनियर	33	29	04
5.	तहसीलदार	01	–	01
6.	रजिस्ट्रार	01	01	–
7.	अधीक्षक	03	03	–
8.	निजी सचिव	01	01	–
श्रेणी –III				
1.	अनुभाग अधिकारी (लेखा)	01	01	–
2.	सांख्यिकीय सहायक	02	–	02
3.	वरिष्ठ वैज्ञानिक सहायक	04	04	–
4.	कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक	06	01	05
5.	निजी सहायक	01	01	–
6.	कनिष्ठ पर्यावरणीय इंजीनियर	11	06	05
7.	वरिष्ठ स्तर आशुलिपिक	03	02	01
8.	सहायक	19	18	01
9.	लेखाकार	04	02	02

10.	कनिष्ठ प्रोग्रामर	02	02	–
11.	कनिष्ठ स्तर आशुलिपिक	02	01	01
12.	लेखा लिपिक	02	–	02
13.	आशुटंकक	13	–	13
14.	लिपिक	30	25	05
15.	चालक	17	12	05
16.	प्रयोगशाला परिचारक	04	03	01
श्रेणी–IV				
1.	दफतरी	01	01	–
2.	वरिष्ठ सेवादार	02	02	–
3.	सेवादार	30	10	20
4.	माली–कम–चौकीदार	02	02	–
5.	क्षेत्र परिचारक	10	05	05
6.	स्वीपर	01	01	–
कुल		**246**	**166**	**80**

अध्याय–4

बोर्ड के कार्यकलाप तथा अवसंरचना

4.1 बोर्ड के अनिवार्य कार्यकलाप

जल (प्रदूषण निवारण तथा नियन्त्रण) अधिनियम, 1974 की धारा–17 तथा वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियन्त्रण) अधिनियम, 1981 की धारा–17 में राज्य प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड की विधिक रुप से अनिवार्य जिम्मेवारियॉ स्पष्ट रुप से विहित हैं जिसका संक्षिप्त सार निम्न अनुसार है :–

- राज्य में जल तथा वायु प्रदूषण के निवारण, नियन्त्रण करने या कम करने तथा उसके निष्पादन को पक्का करने के लिए व्यापक प्रोग्राम की योजना तैयार करना;
- जल तथा वायु प्रदूषण के निवारण, नियन्त्रण या कम करने से संबंधित किसी मामले पर राज्य सरकार का सलाह देना;
- जल तथा वायु प्रदूषण से संबंधित सूचना एकत्र करना तथा उसके निवारण, नियन्त्रण या कम करने के लिए प्रचार करना;
- जल प्रदूषण की समस्या तथा जल प्रदूषण के निवारण, नियन्त्रण तथा कम करने से संबंधित अन्वेषण तथा अनुसन्धान को प्रोत्साहित करना, संचालन करना तथा उसमें भाग लेना;
- जल तथा वायु प्रदूषण के निवारण, नियन्त्रण या कम करने से संबंधित कार्यक्रमों में लगे या लगाए जाने वाले व्यक्तियों के प्रशिक्षण आयोजित करने तथा उससे संबंधित व्यापक शिक्षा कार्यक्रम आयोजित करने के लिए केन्द्रीय बोर्ड को सहयोग देना;
- मल जल तथा व्यापार बहिःस्राव के उपचार के लिए स्थापित मलजल या व्यापार बहिःस्राव उपचार संकर्म तथा संयन्त्रों तथा जल के उपचार के लिए स्थापित संयन्त्रों, उसके शुद्धिकरण के लिए संकर्मों से संबंधित योजनाओं, विशिष्टियों या अन्य डाटा के पुनरीक्षण तथा मलजल या व्यापार बहिःस्राव के निपटान के लिए प्रणाली या कोई सहमति देने के संबंध में जो जल अधिनियम या वायु अधिनियम द्वारा अपेक्षित हो या कोई प्राधिकार या रजिस्ट्रेशन देने के संबंध में जो पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 तथा उसके अधीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित हो, का निरीक्षण करना;
- सभी युक्तियुक्त समयों पर किसी नियन्त्रण उपकरण, औद्योगिक संयन्त्र या विनिर्माण प्रक्रिया का निरीक्षण करना तथा ऐसे व्यक्तियों को आदेश द्वारा ऐसे निर्देश देना जो

यह वायु प्रदूषण के निवारण, नियन्त्रण या कम करने के लिए आवश्यक कदम उठाने आवश्यक समझे।

- ऐसे अन्तरालों पर वायु प्रदूषण नियन्त्रण क्षेत्र का निरीक्षण करना जो यह उसमें वायु गुण के निर्धारण तथा ऐसे क्षेत्रों में वायु प्रदूषण के निवारण, नियन्त्रण या कम करने के लिए कदम उठाने आवश्यक समझे;
- मलजल तथा व्यापार बहिःस्राव तथा बहिःस्राव के निर्वहन के परिणामस्वरुप जल प्राप्ति (अन्तर–राज्य नदी में जल का नहीं) के गुण तथा राज्य के जल का वर्गीकरण करने के लिए मानक अधिकथित करना, संशोधित करना या वार्षिक बहिःस्राव मानक अधिकथित करना;
- केन्द्रीय बोर्ड के परामर्श से तथा केन्द्रीय बोर्ड द्वारा अधिकथित वायु गुण के लिए मानकों, औद्योगिक संयन्त्रों तथा आटोमोबाइल से वातावरण मे वायु प्रदूषकों के उत्सर्जन के मानकों को ध्यान में रखते हुए तथा किसी भी प्रकार के किसी अन्य स्त्रोत जहाज तथा वायुयान के कारण नहीं, वातावरण में किन्हीं वायु प्रदूषकों के निर्वहन के लिए मानक अधिकथित करना;
- विभिन्न क्षेत्रों की मिट्टी, जलवायु तथा जल संसाधनों की विशिष्ट स्थिति तथा नदी तथा कुओं में जल के विशेष रुप से अधिक अभिभावी बहाव को ध्यान में रखते हुए मलजल तथा व्यापार बहिःस्राव के उपचार के लाभकारी तथा विश्वसनीय पद्धति तैयार करना जो तनुकरण की न्यूनतम डिग्री प्राप्त करने के लिए उसे असंभव करे;
- कृषि तथा अन्य उपयोगों में मलजल तथा उपयुक्त व्यापार बहिःस्राव के उपयोग की पद्धति तैयार करना;
- भूमि पर मलजल तथा व्यापार बहिःस्राव के निपटान की पर्याप्त पद्धति तैयार करना जो अल्प नदी बहाव की अभिभावी स्थिति के कारण आवश्यक हो कि वर्ष के बड़े भाग के लिए तनूकरण की न्यूनतम डिग्री मुहैया नहीं करती है;
- किसी विशेष नदी में उपलब्ध न्यूनतम स्वच्छ मौसम तनूकरण को ध्यान में रखते हुए उस नदी में बहाए जाने वाले मलजल तथा व्यापार बहिःस्राव के उपचार तथा ऐसे बहिःस्राव के निर्वहन के बाद नदी के जल में अनुज्ञेय प्रदूषण की सहन सीमाओं के मानक अधिकथित करना;
- नदी या कुओं में अपशिष्ट के निर्वहन के निवारण, नियन्त्रण तथा कम करने के लिए तथा मलजल तथा व्यापार बहिःस्राव के निपटान के लिए नई प्रणाली का निर्माण करने के लिए संबंधित किसी व्यक्ति से अपेक्षा करने या किसी ऐसी विद्यमान प्रणाली को संशोधित करने, बदलने या विस्तार करने या ऐसे उपचारी उपाय अपनाने के लिए कोई आदेश करना, परिवर्तित करना या रद्द करना जो जल प्रदूषण को रोकने, नियन्त्रण या कम करने के लिए आवश्यक हो;

- मलजल या मलिन जल या दोनों का निर्वहन करते समय व्यक्तियों द्वारा अनुपालन किए जाने वाले बहिःस्राव मानक अधिकथित करना तथा मलजल तथा व्यापार बहिःस्राव के लिए बहिःस्राव मानक अधिकथित, संशोधित या रद्द करना;
- किसी उद्योग के किन्हीं परिसरों या स्थान की उपयुक्तता के संबंध में राज्य सरकार को सलाह देना जिसमें वायु प्रदूषण करने की संभावना या किसी नदी या कुएं को प्रदूषित करने की संभावना है;
- ऐसे अन्य कार्य करना जो विहित किए जाएं या जो समय–समय पर केन्द्रीय बोर्ड या राज्य सरकार द्वारा उसे सौंपे जाएं; तथा
- ऐसी अन्य बातें करना तथा ऐसे अन्य कार्य करना जो वह अपने कार्यों के उचित निर्वहन के लिए तथा साधारणतया वायु अधिनियम के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के प्रयोजन के लिए आवश्यक समझे।

यद्यपि बोर्ड की प्राथमिक जिम्मेवारी हरियाणा राज्य में पर्यावरणीय विनियमों को लागू करने के लिए है किन्तु पिछले दशक के दौरान प्रदूषण को नियन्त्रित करने तथा सामंजस्य के माध्यम से लम्बे समय से विभिन्न स्थाई पर्यावरणीय समस्याओं का समाधान भी करने के लिए आर्थिक साधनों सहित कमाण्ड तथा नियन्त्रण प्रणाली के विवेकपूर्ण मिश्रण से पर्यावरणीय विनियमों को लागू करने की धारणा में प्रतिमान बदल गया है। जहां बोर्ड अपने अनिवार्य कार्यकलापों से बाहर चला गया है तथा सरकारी विभागों की परियोजनाओं में प्रदूषण को नियन्त्रित करने के लिए प्रोत्साहक के रुप में कार्य कर रहा है, सहायता मुहैया कर रहा है।

4.2 बोर्ड की अवसंरचना

बोर्ड की अध्यक्षता अध्यक्ष द्वारा की जाती है जिसका मुख्यालय पंचकुला में है। राज्य में बोर्ड के 12 क्षेत्रीय कार्यालय हैं जो कि धारुहेड़ा, बल्लभगढ़, गुड़गांव, मानेसर, फरीदाबाद (दो), बहादुरगढ़, सोनीपत, पानीपत, पंचकुला, हिसार, यमुनानगर तथा जीन्द में स्थित हैं। बोर्ड ने विभिन्न उद्योगों/परियोजनाओं के बहिःस्राव/जल तथा वायु उत्सर्जन तथा जल निकायों तथा परिवेशी वायु गुण के विभिन्न किस्म के नमूनों के विश्लेषण के कार्य करने के लिए पंचकुला, गुड़गांव, फरीदाबाद तथा हिसार में चार प्रयोगशालाएं स्थापित की है।

4.3 बोर्ड की कार्यात्मक संरचना

बोर्ड अपने इंजीनियरिंग विंग, वैज्ञानिक विंग, कानूनी विंग, प्रशासकीय विंग, लेखा विंग तथा सूचना प्रोद्योगिकी सैल के माध्यम से कार्य करता है। इंजीनियरिंग विंग की अध्यक्षता पर्यावरणीय इंजीनियरों द्वारा की जाती है तथा मुख्य रुप से हरियाणा राज्य में विभिन्न पर्यावरणीय विधानों को लागू करने में शामिल है जिसमें लोक शिकायतों के कार्य की निगरानी तथा उनका निवारण करना भी शामिल है।

बोर्ड की चार प्रयोगशालाओं की देखभाल करने के लिए वैज्ञानिक विंग की अध्यक्षता विज्ञानियों द्वारा की जाती है तथा विभिन्न पर्यावरणीय मानीटरिंग परियोजनाओं तथा विभिन्न पर्यावरणीय विधानों को लागू करने में भी शामिल है।

विभिन्न कानूनी न्यायालयों में बोर्ड के विधिक पहलुओं की देखभाल करने तथा उसका प्रतिनिधित्व करने के लिए विधिक विंग की अध्यक्षता जिला न्यायवादी द्वारा की जाती है।

प्रशासकीय विंग बोर्ड के कर्मचारियों के प्रशासकीय तथा व्यक्तिगत मामलों की देखरेख कर रहा है।

लेखा विंग बोर्ड के लेखों तथा वित्त से संबंधित मामलों की देखरेख कर रहा है।

अध्याय –5

प्रदूषण को कम करने के लिए कार्य योजनाएं/परियोजनाएं

5.1 पानीपत तथा फरीदाबाद के गंभीर आलोचनात्मक रुप से प्रदूषित क्षेत्रों के लिए कार्य योजना के कार्यवयन की स्थिति

पर्यावरण तथा वन मन्त्रालय, भारत सरकार ने वर्ष 2009 के दौरान देश के 88 औद्योगिक समूहों का इन समूहों के प्रदूषण स्तर के बारे में स्थिति का पता लगाने के लिए अध्ययन कराया था। अध्ययन केन्द्रीय प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड (सी पी सी बी) तथा आई आई टी, दिल्ली द्वारा किया गया था तथा 88 समूहों में से पानीपत नगरपालिका क्षेत्र तथा फरीदाबाद औद्योगिक समूहों की व्यापक पर्यावरणीय प्रदूषण सूची स्कोर के आधार पर आलोचनात्मक रुप से प्रदूषित क्षेत्रों के रुप में पहचान की गई थी। पर्यावरण तथा वन मन्त्रालय ने इन औद्योगिक समूहों के पर्यावरण गुण में सुधार करने के लिए कार्य योजना तैयार करने हेतु संबंधित राज्य प्रदूषण नियन्त्रण बोर्डों को निर्देशित किया था। तदानुसार हरियाणा राज्य प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड (एच एस पी सी बी) ने सी पी सी बी द्वारा जारी मार्गदर्शनों के अनुसार पानीपत तथा फरीदाबाद नगरों में प्रदूषण को कम करने तथा नियन्त्रण करने के लिए कार्य योजना तैयार की। कार्य योजना सी पी सी बी द्वारा दिए गए इन्पुट के आधार पर पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अनुमोदित की गई थी।

सी पी सी बी द्वारा दिए गए सुझाव के अनुसार, हरियाणा सरकार ने अधिसूचना संख्या 16/12/2011–3ई, दिनांक 30.12.2011 द्वारा फरीदाबाद तथा पानीपत नगरों की कार्य योजना के लागूकरण की प्रगति का पुनरीक्षण करने के लिए मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार की अध्यक्षता के अधीन राज्य स्तरीय समिति गठित की थी तथा फरीदाबाद तथा पानीपत नगरों के आलोचनात्मक रुप से प्रदूषित क्षेत्रों की कार्य योजनाओं के लागूकरण का नियमित रुप से अनुवर्तन करने के लिए अधिसूचना संख्या 16/12/2011–3ई, दिनांक 19.01.2012 द्वारा जिला स्तरीय समितियां भी गठित की गई थी। कार्य योजनाओं के लागूकरण के लिए जिम्मेवार सभी पणधारियों को निर्धारित समय सीमा के अनुसार उसको लागू करने के लिए निर्देशित किया गया था। कार्य योजना लागूकरण के अधीन है।

एच एस पी सी बी इन नगरों के प्रदूषण को कम करने तथा नियन्त्रित करने के लिए कार्य योजनाओं को लागू करने के लिए सभी पणधारियों का पीछा कर रहा है।

5.2 पानीपत की रंगाई इकाईयों को गैर–अनुरुप क्षेत्र से हुड्डा द्वारा विकसित अनुमोदित औद्योगिक क्षेत्र में बदलना।

पानीपत नगर की मुख्य समस्या आवासीय तथा गैर–अनुरुप क्षेत्रों में स्थित वस्त्र रंगाई इकाईयों द्वारा प्रदूषण करना था। पूर्व वस्त्र रंगाई इकाई पानीपत जल निकास तथा नगर में से गुजरने वाले अन्य जल निकासों में या सेस पूल में प्रदूषित बहिःस्राव छोड़ा जा रहा था जिससे पर्यावरण का तथा भूमिगत तथा सतह जल का निम्नीकरण हो रहा था।

तदानुसार, रंगाई इकाईओं को बदलने के बारे में मामले को वर्ष 2001 में पर्यावरण संरक्षण परिषद की बैठक में उठाया गया था। पर्यावरण संरक्षण परिषद में लिए गए निर्णय के अनुसार हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण को अनुमोदित औद्योगिक क्षेत्र में पानीपत के आवासीय तथा गैर–अनुरुप क्षेत्रों से रंगाई इकाईओं को बदलने के लिए अवसंरचना की योजना बनाने तथा विकास करने के लिए नोडल एजेंसी बनाया गया था।

एस डी एम, पानीपत, क्षेत्रीय अधिकारी, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड, पानीपत तथा जी एम डी आई सी, पानीपत के अधिकारियों की टीम द्वारा किए गए सर्वेक्षण के अनुसार, 494 इकाईयां जो कि पानीपत के आवासीय तथा गैर–अनुरुप क्षेत्रों में स्थित थी, को हुड्डा द्वारा विकसित किए जाने वाले सामूहिक बहिःस्राव उपचार संयन्त्र (सी ई टी पी) सहित अनूमोदित औद्योगिक सम्पदा में बदलने के लिए पहचान की गई थी।

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (हुड्डा) ने सामूहिक बहिःस्राव उपचार संयन्त्र सहित आवासीय तथा गैर–अनुरुप क्षेत्रों में स्थित इन सभी वस्त्र रंगाई इकाईयों को बदलने के लिए सैक्टर–29, भाग–II, पानीपत के औद्योगिक क्षेत्र में एक परियोजना तैयार तथा विकसित की। तदानुसार, पानीपत के आवासीय तथा गैर–अनुरुप क्षेत्रों में चलाई जा रही इस परियोजना में आने वाले उद्योगों को औद्योगिक सम्पदा, सैक्टर–29, भाग–II, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण में बदलने के लिए स्वीकार कराया गया था जिसमें 21 एम एल डी क्षमता का एक सामूहिक बहिःस्राव उपचार संयन्त्र पहले ही स्थापित किया गया है। 21 एम एल डी क्षमता का एक अतिरिक्त सी ई टी पी हुड्डा द्वारा सैक्टर–29, भाग–II,

पानीपत में निर्माणाधीन है। 357 उद्योगों को वित्त वर्ष 2015–16 की समाप्ति तक सैक्टर–29, भाग–II, पानीपत में बदला गया है।

अध्याय– 6

दोषी इकाईयों के विरुद्ध कार्रवाई

6.1 बन्द करने की (बन्दी) कार्यवाई

बोर्ड ऐसी इकाईयां जो जल अधिनियम, 1974/वायु अधिनियम, 1981 के अधीन प्रदूषकों के निर्वहन के लिए पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के अधीन निर्धारित मानकों को पूरा नहीं करती है या सहमति प्राप्त करने में असफल हैं या समय–समय पर विभिन्न पर्यावरणीय अधिनियमों के अधीन बोर्ड या सरकार, जैसी भी स्थिति हो, द्वारा जारी निर्देशनों का अनुपालन करने में असफल होती है, के विरुद्ध जल (प्रदूषण निवारण तथा नियन्त्रण) अधिनियम, 1974 की धारा 33–क के अधीन, वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियन्त्रण) अधिनियम, 1986 की धारा 31–क के अधीन तथा पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 5 के अधीन बन्दी कार्रवाई कर रहा है।

उपरोक्त कथित अधिनियमों के अधीन अनुपालन न करने के कारण चूक करने वाली इकाईयों के विरुद्ध जारी बन्दी आदेशों के ब्योरे नीचे दिए गए हैं :–

क्षेत्र	**ई पी अधिनियम, 1986 के अधीन जारी किए गए बन्दी आदेश इकाईयां की संख्या**	**जल अधिनियम, 1974 के अधीन जारी किए गए बन्दी आदेश इकाईयों की संख्या**	**वायु अधिनियम, 1981 के अधीन जारी किए गए बन्दी आदेश इकाईयों की संख्या**	**जल तथा वायु अधिनियम के अधीन संयुक्त रुप से जारी किए गए बन्दी आदेश इकाईयों की संख्या**	**जारी किए गए बन्दी आदेश इकाईयों की कुल संख्या**
बहादुरगढ़	0	4	32	50	86
बल्लभगढ़	0	1	1	41	43
धारुहेड़ा	0	0	27	6	33
फरीदाबाद	0	138	37	0	175
गुड़गांव (उत्तर)	0	0	5	0	5
गुड़गांव (दक्षिण)	0	0	21	3	24

हिसार	0	0	7	7	14
जीन्द	0	0	12	42	54
पंचकुला	51	0	15	63	129
पानीपत	0	4	3	19	26
सोनीपत	0	0	0	24	24
यमुनानगर	0	0	0	18	18
कुल	**51**	**147**	**160**	**273**	**631**

6.2 विधिक कार्रवाई

बोर्ड जल (प्रदूषण निवारण तथा नियन्त्रण) अधिनियम, 1974, वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियन्त्रण) अधिनियम, 1981 तथा पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के अधीन विशेष पर्यावरण न्यायालयों में न्यायालय मामले दायर करते हुए उपरोक्त कथित अधिनियमों/नियमों का उल्लंघन करने वाली औद्योगिक इकाईयों/परियोजनाओं के विरुद्ध विधिक कार्रवाई भी कर रहा है।

न्यायालय मामलों की स्थिति नीचे दी गई है :–

(क) दायर किए गए नए मामले :

क्षेत्र	**इकाईयों की संख्या जिनके विरुद्ध ई पी अधिनियम, 1986 के अधीन न्यायालय मामला दायर किया गया है**	**इकाईयों की संख्या जिनके विरुद्ध जल अधिनियम, 1974 के अधीन न्यायालय मामला दायर किया गया है**	**इकाईयों की संख्या जिनके विरुद्ध वायु अधिनियम, 1981 के अधीन न्यायालय मामला दायर किया गया है**	**इकाईयों की संख्या जिनके विरुद्ध जल अधिनियम, 1974 तथा वायु अधिनियम, 1981 के अधीन न्यायालय मामला एक साथ दायर किय गया है**
बहादुरगढ़	0	0	0	5
बल्लभगढ़	0	0	0	6
धारुहेड़ा	0	0	0	0

फरीदाबाद	1	0	0	0
गुड़गांव (उत्तर)	0	0	0	0
गुड़गांव (दक्षिण)	0	0	0	0
हिसार	0	0	9	0
जीन्द	2	0	0	0
पंचकुला	0	0	0	0
पानीपत	0	0	2	0
सोनीपत	0	0	0	0
यमुनानगर	3	0	0	0
कुल	**6**	**0**	**11**	**11**

(ख) निर्णीत न्यायालय मामले

क्षेत्र	ई पी अधिनियम के अधीन निर्णीत न्यायालय मामलों की संख्या	जल अधिनियम, 1974 के अधीन निर्णीत न्यायालय मामलों की संख्या	वायु अधिनियम, 1981 के अधीन निर्णीत न्यायालय मामलों की संख्या
बहादुरगढ़	0	0	2
बल्लभगढ़	0	1	0
धारुहेड़ा	2	1	9
फरीदाबाद	0	0	0
गुड़गांव (उत्तर)	26	3	0
गुड़गांव (दक्षिण)	0	0	0
हिसार	0	0	3
जीन्द	1	33	0
पंचकुला	5	0	2
पानीपत	3	2	1
सोनीपत	1	0	0
यमुनानगर	3	4	0
कुल	**41**	**44**	**17**

(ग) विशेष पर्यावरण न्यायालयों मे लम्बित न्यायालय मामले :

क्षेत्र	ई पी अधिनियम, 1986/जल अधिनियम, 1974/वायु अधिनियम, 1986 के अधीन लम्बित मामलों की संख्या
बहादुरगढ़	40
बल्लभगढ़	11
धारुहेड़ा	26
फरीदाबाद	1
गुड़गांव (उत्तर)	139
गुड़गांव (दक्षिण)	0
हिसार	6
जीन्द	23
पंचकुला	11
पानीपत	13
सोनीपत	8
यमुनानगर	13
कुल	**291**

अध्याय–7

घोर रुप से प्रदूशित तथा उच्च रुप से प्रदूशित 17 वर्ग के उद्योग

7.1 घोर रुप से प्रदूषण वाले उद्योग – जी पी आई

जलमार्ग में बहिःस्राव छोड़ने वाले उद्योग तथा (क) खतरनाक पदार्थों का निपटान, या (ख) 100 किलाग्राम प्रति दिन या अधिक के बी ओ डी भार वाले बहिःस्राव, या (ग) (क) तथा (ख) के संयोजन को केन्द्रीय प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड (सी पी सी बी) द्वारा घोर रुप से प्रदूषित इकाई के रुप में वर्गीकृत किया है। वर्ष 1993–94 में, सी0 पी0 सी0 बी0 ने प्रत्यक्ष रुप से या अप्रत्यक्ष रुप से नदियों में अनुपचारित बहिःस्राव के निर्वहन का नियन्त्रण करने के लिए नदियों के साथ उद्योगों की पहचान करनी शुरु की है।

जल अधिनियम, 1974 की धारा 18(1)(ख) के अधीन सी पी सी बी द्वारा प्राथमिकता के आधार पर पर्यावरणीय मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने तथा घोर रुप से प्रदूषित उद्योगों के विरुद्ध कार्रवाई प्रारम्भ करने के लिए जी0 पी0 आई0 को सूचीबद्ध करने के लिए 14 जुलाई, 1997 को सभी राज्य प्रदूषण नियन्त्रण बोर्डों/प्रदूषण नियन्त्रण समितियों को निर्देश जारी किए गए थे।

उपरोक्त मापदण्ड के अनुसार हरियाणा में घोर रुप से प्रदूषित उद्योगों की स्थिति नीचे दी गई है :–

क्षेत्र	घोर रुप से प्रदूषित उद्योग	ई टी पी की स्थिति (स्थापित की गई/स्थापित नहीं की गई)	ई टी पी पर आनलाईन मानीटरिंग प्रणाली लगाई गई इकाईयों की संख्या
बहादुरगढ़	65	स्थापित	0
बल्लभगढ़	120	स्थापित	0
धारुहेड़ा	12	स्थापित	12
फरीदाबाद	15	स्थापित	0

गुड़गांव (उत्तर)	126	स्थापित	7
गुड़गांव (दक्षिण)	3	स्थापित	3
हिसार	0	–	0
जीन्द	10	स्थापित	9
पंचकुला	34	स्थापित	7
पानीपत	131	स्थापित	0
सोनीपत	99	स्थापित	0
यमुनानगर	8	स्थापित	8
कुल	**505**		**46**

7.2 उच्च रुप से प्रदूषण वाले 17 प्रवर्ग के उद्योग

पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा उच्च रुप से प्रदूषित उद्योगों में पर्यावरणीय मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए 16 जनवरी, 1991 को एक अधिसूचना जारी की गई थी। पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने प्राथमिक कार्रवाई के लिए 15 सूत्रीय कार्यक्रम सूत्रबद्ध किया है।

सी0 पी0 सी0 बी0 ने भारी प्रदूषित उद्योगों के 18 प्रवर्गों का चयन किया है तथा विचार–विमर्श के बाद उच्च रुप से प्रदूषित उद्योगों के 17 प्रवर्गों का सी0 पी0 सी0 बी0 के माध्यम से नियमित पीछा करने का निश्चय किया है जिनके ब्योरे निम्न अनुसार है :–

एल्यूमिनियम प्रगलन, बेसिक ड्रग तथा फार्मासियुटिकल निर्माण, चलोर अल्काली/कास्टिक सोडा, सीमेन्ट, तांबा प्रगलन, रंग तथा रंग मध्यस्थ, आसवनी, उर्वरक, समेकित लोहा तथा इस्पात, चर्म शोधन सहित चमड़ा संसाधन, तेल परिष्करण शाला, कीटनाशी निर्माण, गूदा या कागज, पैट्रोरसायन, चीनी, थर्मल पावर प्लांट तथा जींक प्रगलन।

उच्च रुप से प्रदूषित उद्योगों के 17 प्रवर्गों की स्थिति नीचे दी गई है :–

क्षेत्र	**17 प्रवर्ग उद्योगों की संख्या**	**लगाई गई प्रदूशण नियन्त्रण युक्ति की स्थिति**		**लगाई गई आनलाईन मानीटरिंग प्रणाली इकाईयों की संख्या**	
		ई टी पी	**ए पी सी एम**	**ई टी पी**	**ए पी सी एम**
बहादुरगढ़	26	26	26	4	5
बल्लभगढ़	4	4	4	3	2
धारुहेड़ा	1	1	1	1	1
फरीदाबाद	4	4	4	0	0
गुड़गांव (उत्तर)	1	1	0	1	1
गुड़गांव (दक्षिण)	3	3	0	3	0
हिसार	5	5	5	3	3
जीन्द	7	7	7	7	7
पंचकुला	9	9	9	8	8
पानीपत	9	7	9	0	9
सोनीपत	27	23	27	0	0
यमुनानगर	10	10	10	9	9
कुल	**102**	**100**	**98**	**39**	**45**

अध्याय–8

जागरुकता प्रोग्राम

विभिन्न पर्यावरण समस्याओं पर जागरुकता उत्पन्न करने के लिए हरियाणा राज्य के विभिन्न स्थानों पर वर्ष 2015–16 के दौरान जागरुकता प्रोग्राम आयोजित किए गए।

वर्ष 2015–16 के दौरान आयोजित जागरुकता प्रोग्रामों के ब्योरे क्षेत्रवार नीचे दिए गए हैं :–

क्षेत्रीय कार्यालय	**आयोजित जागरुकता प्रोग्रामों की संख्या**
बहादुरगढ़	5
बल्लभगढ़	3
धारुहेड़ा	4
फरीदाबाद	11
गुड़गांव (उत्तर)	4
गुड़गांव (दक्षिण)	6
हिसार	3
जीन्द	3
पंचकुला	6
पानीपत	3
सोनीपत	2
यमुनानगर	2
कुल	**50**

अध्याय–9

स्थापित तथा संशोधित/अपग्रेडिड बहिःस्राव उपचार संयन्त्रों तथा वायु प्रदूशण नियन्त्रण यन्त्रों के ब्योरे

9.1 बहिःस्राव उपचार संयन्त्र (ई टी पी)/मलजल उपचार संयन्त्र (एस टी पी)

व्यापार बहिःस्राव तथा घरेलू बहिःस्राव (10 किलो लीटर प्रतिदिन से अधिक) उत्पन्न करने वाली सभी प्रदूषित औद्योगिक इकाईयों/परियोजनाओं के लिए विहित पर्यावरणीय मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उसका नियमित रुप से रख–रखाव करने तथा उसके बाद प्रभावशाली रुप से उसे चलाने के लिए उसे चालू करने से पूर्व ई टी पी/एस टी पी लगाने अपेक्षित हैं।

9.1.1 वर्ष 2015–16 के दौरान नए ई टी पी/एस टी पी लगाने वाली इकाईयों/परियोजनाओं के ब्योरे :–

क्षेत्र	नई ई टी पी/एस टी पी लगाने वाले उद्योगों/परियोजनाओं की संख्या
बहादुरगढ़	10
बल्लभगढ़	8
धारुहेड़ा	11
फरीदाबाद	19
गुड़गांव (उत्तर)	2
गुड़गांव (दक्षिण)	20
हिसार	16
जीन्द	8
पंचकुला	11
पानीपत	51
सोनीपत	27
यमुनानगर	22
कुल	**205**

9.1.2 वर्ष 2015–16 के दौरान संशोधित/अपग्रेडिड ई टी पी/एस टी पी वाले उद्योगों/परियोजनाओं के ब्योरे :–

क्षेत्र	**संशोधित/अपग्रेडिड ई टी पी/एस टी पी वाले उद्योगों/परियोजनाओं की संख्या**
बहादुरगढ़	7
बल्लभगढ़	3
धारुहेड़ा	4
फरीदाबाद	1
गुड़गांव (उत्तर)	8
गुड़गांव (दक्षिण)	13
हिसार	8
जीन्द	0
पंचकुला	10
पानीपत	37
सोनीपत	7
यमुनानगर	4
कुल	**102**

9.1.3 वर्ष 2015–16 के दौरान स्थापित औद्योगिक समूहों/सम्पदाओं के लिए नगरों में मलजल उपचार संयन्त्र (एस टी पी) तथा सामूहिक बहिःस्राव उपचार संयन्त्र (सी ई टी पी)

क्षेत्र	**नगरों में लगाए गए नए एस टी पी/सी ई टी पी की संख्या**
बहादुरगढ़	3
बल्लभगढ़	1
धारुहेड़ा	0

फरीदाबाद	1
गुड़गांव (उत्तर)	0
गुड़गांव (दक्षिण)	4
हिसार	3
जीन्द	0
पंचकुला	7
पानीपत	4
सोनीपत	8
यमुनानगर	10
कुल	**41**

9.2 वायु प्रदूषण नियन्त्रण यन्त्र (ए पी सी डी)

9.2.1 वायु उत्सर्जन के स्त्रोत वाली सभी प्रदूषित औद्योगिक इकाईयों/परियोजनाओं के लिए प्रदूषण के स्त्रोत से संलग्न ढ़ेरों से उत्पन्न विविक्त मामलों तथा गैसीय उत्सर्जन तथा विहित पर्यावरणीय मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए प्रक्रिया से उत्पन्न अस्थायी उत्सर्जन को नियन्त्रित करने के लिए उसका नियमित रुप से रख रखाव करने तथा उसके बाद उसे प्रभावी रुप से चलाने से पूर्व ए पी सी डी लगाने अपेक्षित हैं।

9.2.2 वर्ष 2015–16 के दौरान नए ए पी सी डी लगाने वाली औद्योगिक इकाईयों के ब्योरा

क्षेत्र	**नए ए पी सी डी लगाने वाले उद्योगों/परियोजनाओं की संख्या**
बहादुरगढ़	20
बल्लभगढ़	7
धारुहेड़ा	24
फरीदाबाद	0
गुड़गांव (उत्तर)	10

गुड़गांव (दक्षिण)	6
हिसार	29
जीन्द	47
पंचकुला	12
पानीपत	37
सोनीपत	42
यमुनानगर	54
कुल	**288**

9.2.2 वर्ष 2015–16 के दौरान संशोधित/अपग्रेडिड ए पी सी डी वाले उद्योगों के ब्योरे

क्षेत्र	**नए ए पी सी डी लगाने वाले उद्योगों/परियोजनाओं की संख्या**
बहादुरगढ़	4
बल्लभगढ़	0
धारुहेड़ा	18
फरीदाबाद	0
गुड़गांव (उत्तर)	0
गुड़गांव (दक्षिण)	2
हिसार	1
जीन्द	5
पंचकुला	9
पानीपत	0
सोनीपत	0
यमुनानगर	3
कुल	**42**

अध्याय–10

जल (प्रदूषण निवारण तथा नियन्त्रण) अधिनियम, 1977 के अधीन उपकर संग्रहण

भारत सरकार ने केन्द्रीय प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड तथा राज्य प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड के संसाधनों को बढ़ाने की दृष्टि से उद्योगों तथा स्थानीय प्राधिकरणों द्वारा खपत जल पर उपकर के उद्ग्रहण तथा संग्रहण का उपबन्ध करने के लिए जल (प्रदूषण निवारण तथा नियन्त्रण) अधिनियम, 1977 अधिनियमित किया है। जल उपकर अधिनियम, 1977 प्रथम अप्रैल, 1978 से लागू हुआ था। अधिनियम की धारा 2 तथा धारा 3 में परिभाषित स्थानीय प्राधिकरण तथा उद्योग उपरोक्त कथित अधिनियम में विहित दरों पर उपकर का भुगतान करने के लिए दायी हैं।

वर्ष 2015–16 के दौरान 59391220/– रुपये संग्रहित किए हैं तथा जिलावार ब्योरे नीचे दिए गए हैं :–

क्षेत्र का नाम	निर्धारित उपकर	संग्रहित उपकर
बहादुरगढ़	8387734	6331735
बल्लभगढ़	5444983	4710075
धारुहेड़ा	3212551	2440383
फरीदाबाद	4085031	4044029
गुड़गांव (उत्तर)	9783282	4471879
गुड़गांव (दक्षिण)	12121798	2376736
हिसार	2844611	4625628
जीन्द	2610278	1004911
पंचकुला	6378268	5092770
पानीपत	11253939	12737253
सोनीपत	3297607	2473896
यमुनानगर	9193370	9081925
कुल	**78613444**	**59391220**

नोट :– संग्रहित उपकर की राशि में उपकर का बकाया भी शामिल है।

अध्याय–11

सतत् परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी

11.1 सामान्य

देश के आर–पार वायु प्रदूषण के बढ़ने से बारह पैरामीटरों के लिए संशोधित राष्ट्रीय परिवेशी वायुगुण मानक पर्यावरण तथा वन मन्त्रालय (एम ओ ई एफ) द्वारा वर्ष 2009 में अधिसूचित किए थे जिसमें गैसीय उत्सर्जन जैसे कि सल्फर डाईओक्साईड, नाईट्रोजन डाईओक्साईड, ओजोन, सीसा, कार्बन मोनोओक्साईड, अमोनिया, बैनजीन, बैन्जो (क), संखिया, 10 माईक्रोन तथा 2.5 माईक्रोन इत्यादि से कम आकार के निक्कल तथा विविक्त मामले शामिल हैं। संशोधित मानकों के अनुसार, आवासीय, ग्रामीण तथा औद्योगिक क्षेत्रों में वही मानक हैं।

संशोधित परिवेशी वायुगुण मानक वायु प्रदूषण तथा जन स्वास्थ्य के संरक्षण के लिए विधिक ढ़ांचा मुहैया करते हैं जो कि बेहतर वायुगुण के लिए न्यायालय में पंहुच के लिए किसी नागरिक के लिए उपबन्ध करता है। भारत में ये मानक केन्द्रीय प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड (सी पी सी डी) द्वारा शासित है तथा राज्य प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड/प्रदूषण नियन्त्रण समितियों द्वारा लागू किए जाते हैं।

सतत् परिवेशी वायुगुण मानीटरिंग में राज्य प्रदूषण नियन्त्रण बोर्डों तथा केन्द्रीय प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड के अन्तःसम्पर्क से उपयुक्त साफ्टवेयर के साथ पी सी आधारित डाटा अर्जन प्रणाली सहित गैस तथा बी टी एक्स विश्लेषक, धूल विश्लेषक, मौसम मानीटर तथा सम्बद्ध सहायक मदों को मिलाकर सी पी सी बी/एस पी सी बी मार्गदर्शनों के अनुसार स्थिर सतत् परिवेशी वायुगुण मानीटरिंग प्रणाली की स्थापना शामिल है। बोर्ड ने फरीदाबाद, गुड़गांव, रोहतक तथा पंचकुला में चार सतत् परिवेशी वायुगुण मानीटरिंग स्टेशन स्थापित किए हैं तथा इन स्टेशनों पर मानीटर डाटा प्रमुख लोक स्थानों पर प्रदर्शित किए जा रहे हैं इस बोर्ड तथा सी0 पी0 सी0 बी0 के सरवर से जुड़े हुए हैं।

11.2 वर्ष 2015–16 के लिए सतत् परिवेशी वायु गुणवत्ता मानीटरिंग रिपोर्ट

11.2.1. सतत् परिवेशी वायुगुण मानीटरिंग केन्द्र, गुड़गांव

मानीटरिंग एजेंसी :		पर्यावरण एस ए इण्डिया प्राईवेट लिमिटेड						
केन्द्र का नाम :		एच एस पी सी बी, विकास सदन, नए न्यायालय के सामने, गुड़गांव						
पैरामीटर / इकाई	**पीएम$_{10}$**	**पीएम$_{2.5}$**	**सीओ**	**एनओ**	**एनओ$_2$**	**एनओ$_x$**	**ओ$_3$**	**एसओ$_2$**
मास	मा.ग्रा./मी^{3}	मा.ग्रा./मी^{3}	मि.ग्रा./मी^{3}	मा.ग्रा./मी^{3}	मा.ग्रा./मी^{3}	मा.ग्रा./मी^{3}	मा.ग्रा./मी^{3}	मा.ग्रा./मी^{3}
जुलाई–15	93.57	68.11	0.97	17.65	19.15	36.57	17.50	3.88
अगस्त–15	105.71	47.03	0.88	12.10	22.51	33.60	18.85	2.88
सितम्बर–15	120.65	69.95	0.83	10.30	27.08	37.45	31.47	4.28
अक्तूबर–15	153.60	75.48	0.85	5.96	24.80	30.67	23.69	3.91
नवम्बर–15	188.81	84.40	1.49	6.05	13.22	18.73	18.38	4.54
दिसम्बर–15	*	106.44	1.49	11.46	18.58	28.85	16.42	5.05
जनवरी–16	*	109.99	1.23	8.83	24.31	32.89	16.57	5.76
फरवरी–16	*	105.70	1.40	8.96	27.97	36.93	21.55	6.20
मार्च–16	*	97.25	1.82	12.55	28.85	40.56	23.84	8.87

11.2.2 सतत् परिवेशी वायु गुणवत्ता मानीटरिंग केन्द्र, पंचकुला

मानीटरिंग एजेंसी :		पर्यावरण एस ए इण्डिया प्राईवेट लिमिटेड						
केन्द्र का नाम :		एच एस पी सी बी, मुख्यालय, सी–11, सैक्टर–6, पंचकुला						
पैरामीटर / इकाई	पीएम $_{2.5}$	पीएम$_{10}$	सीओ	एनओ	एनओ$_2$	एनओ$_X$	ओ$_3$	एसओ$_2$
मास	मा.ग्रा. / मी^{3}	मा.ग्रा. / मी^{3}	मि.ग्रा. / मी^{3}	मा.ग्रा. / मी^{3}	मा.ग्रा. / मी^{3}	मा.ग्रा. / मी^{3}	मा.ग्रा. / मी^{3}	मा.ग्रा. / मी^{3}
अप्रैल–15	*	93.27	0.97	2.27	29.10	31.38	32.11	6.33
मई–15	56.02	*	0.81	2.65	30.22	32.86	38.96	5.75
जून–15	*	97.78	0.83	5.51	29.78	35.09	37.64	5.44
जुलाई–15	34.75	75.10	0.56	3.04	25.57	28.61	32.76	3.91
अगस्त–15	35.96	80.88	0.77	4.10	20.43	24.55	30.46	4.69
सितम्बर–15	44.38	85.67	0.73	3.29	23.32	26.62	39.03	5.94
